

पांचनोता में प्रियंका ने किया ध्वजारोहण : एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक द्वारा चलाई जा रही परिवर्तन परियोजना के तहत गांव पांचनोता में स्वतंत्रता दिवस पर गांव में प्रभात रैली निकाली गई। उसके बाद गांव की सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी बेटी प्रियंका ने स्कूल में ध्वजारोहण किया। बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। मुख्याध्यापक राजकुमार ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में बताया। दूसरी ओर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गावड़ी जाट में गांव की पढ़ी लिखी बेटी सरिता सुपुत्री सतपाल ने झंडा फहराया। विशिष्ट अतिथि गांव के सरपंच राजेश कुमार व एसएमसी प्रधान नरेश कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुभाष सांवरिया ने की। बच्चों ने देश भक्ति गीतों, कविताओं, भाषण व नृत्य आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।